


## एक नजर में

### बस से उतरने के दौरान ट्रक ने महिला को कुचला

**मुलताई।** नेशनल हाईवे बैतूल रोड पर ग्राम ससुंद्रा के पास शनिवार दोपहर 12 बजे बस से उतरते समय एक महिला को ट्रक ने कुचल दिया, जिससे महिला कि मौत हो गई।58 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है गया बाई सकरे पति अजाबराव (58 वर्ष) साकरे अपने रिश्तेदारों के यहां गमी में शामिल होने जा रही थीं। जो ससुंद्रा के पास बस से उतरी थीं, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने गया बाई को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भी जबरदस्त थी की मौके पर ही गया बाई की मौत हो गई।सूचना मिलने पर साईखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया और ट्रक को जब्त कर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### महिला संबंधी अपराध में फरार आरोपी पकड़ाया

**मुलताई।** महिला संबंधी अपराध मे फरार आरोपी को बोरदेही पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी एवं एसडीओपी मुलताई शिवकुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले में महिला संबंधी अपराध में अंकुश लगाने अभियान चलाया जा रहा है। बोरदेही टीआई ने बताया थाना बोरदेही में बीते 28 सितम्बर 2025 को शिकायतकर्ता की रिपोर्ट पर आरोपी दिनेश पिता रमेश यदुवंशी निवासी ग्राम हरन्या टांडी के खिलाफ धारा 75(2), 78(2), 126(2), 351(3) के तहत केस दर्ज किया गया था।आरोपी दिनेश पिता रमेश यदुवंशी घटना के बाद से फरार चल रहा था,जिसे मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर शुक्रवार को गिरफ्तार कर आमला न्यायालय में पेश किया गया।न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेजा गया।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी राधेश्याम वट्टी, आरक्षक भगवानदास जावरे, किशोर साहू,रोहन, सचिन दीवान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### रेत, गिट्टी, डस्ट के अवैध परिवहन में संलिप्त 1 डंपर और 4 ट्रेक्टर-ट्राली जप्त

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। खनिज विभाग बैतूल द्वारा खनि अमले के साथ जिले के शाहपुर, घोड़ाडोंगरी, आमला क्षेत्र में खनिजों के अवैध परिवहन, उत्खनन, भंडारण की रोकथाम के लिए आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 11 अक्टूबर 2025 को घोड़ाडोंगरी क्षेत्रान्तर्गत 01 डम्पर क्रमांक एमएच 40 सीटी 3976 को गिट्टी, डस्ट के अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त कर पुलिस चौकी घोड़ाडोंगरी एवं 01 ट्रेक्टर कमांक एमपी 48 ए 7231 को पुलिस थाना सारणी की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। वहीं शाहपुर क्षेत्र में 02 ट्रेक्टर बिना नम्बर सोनालिका एवं फार्माट्रेक को खनिज रेत के अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त कर वाहन मालिक की सुपुर्दगी में दिया गया है। इसी प्रकार आमला क्षेत्रान्तर्गत 01 ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 48 एए 7393 को खनिज रेत के अवैध परिवहन करते पाए जाने पर पुलिस थाना आमला की अभिरक्षा में खड़ा किया गया है। उक्त वाहनों के वाहन चालकों, वाहन मालिकों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर मध्यप्रदेश अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

# अमृत भारत योजना : दो साल में भी पूरा नहीं हुआ निर्माण

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 11 अक्टूबर. अमृत भारत योजना के तहत देशभर के स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है, लेकिन बैतूल रेलवे स्टेशन पर इस कार्य की रफ्तार धीमी है।**

**स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के लिए हो रहे परेशान**

**स्टेशन पर दर्जनभर काम अभी बाकी**



नतीजा यह है कि यात्रियों को अव्यवस्था और अंधेरे में परेशान होने के अलावा कुछ नहीं मिल रहा। बता दे कि 6 अगस्त 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 करोड़ रुपए की लागत से बैतूल स्टेशन पुनर्विकास का शिलान्यास किया था। उद्देश्य था यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना, लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी न तो स्टेशन का मुख्य द्वार तैयार हो पाया है और न ही अन्य प्रमुख काम पूरे हो सके हैं। यह जरूर है कि रेलवे अधिकारी निरीक्षण कर निर्देश देते हैं, लेकिन ठेकेदार की मनमानी पर कोई अंकुश नजर नहीं आता है। यात्रियों के अनुसार स्टेशन की मौजूदा हालत बताती है कि इस गति से काम पूरा होने में चार-पांच साल और लग सकते हैं। क्योंकि मुख्य द्वार अधूरा है। लाइटिंग की व्यवस्था न होने से शाम ढलते ही अंधेरा छा जाता है। टिकट घर के पास का शेड हटने से यात्री परेशान हो रहे है।

**दर्जनभर काम अभी बाकी :**

स्टेशन पर बाउंड्रीवाल, नाली निर्माण, पार्किंग एरिया, यात्री शेड और वेटिंग एरिया जैसे कई काम अधूरे पड़े हैं। ठेकेदार कंपनी ने गड्ढे खोद दिए और फुटओवर ब्रिज के कॉलम खड़े कर दिए, ताकि काम प्रगति पर लगे, लेकिन यात्री अव्यवस्था का शिकार हो रहे हैं।

### फुटओवर ब्रिज बना बड़ी चुनौती

प्लेटफार्म-2 तक पहुंचने के लिए यात्री सामान्य रास्ते से नहीं जा पा रहे हैं। अधूरे फुटओवर ब्रिज के कारण यात्रियों को प्लेटफार्म-1 के अंदर से घुमकर जाना पड़ता है। प्लेटफार्म-1 पर बनाए जा रहे फुट ओवर ब्रिज के लिए गडढे खोदकर छोड़ दिए गए हैं, जिन्हें भरा भी नहीं गया। रेलवे ने इन्हें टीन शेड से ढककर सुरक्षा का हवाला दिया है, लेकिन इससे आवागमन में और बाधा उत्पन्न हो रही है। यात्रियों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा धीमी गति से स्टेशन पर काम किया जा रहा है। इससे आम लोगों को परेशानी हो रही है। निर्माण जल्द पूरा हो और लोगों को इसी सुविधा मिले। इसके लिए जल्द ही ज्ञापन सौंपा जाएगा।

चूंकि रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की आवाजाही रहती है। ऐसे में यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर काम करना पड़ता है। जिसके कारण निर्माण में देरी हो रही है। मैं पता करके ही बता पाऊंगा कि काम कब तक पूरा करना है।

**- अमोल गहूकर,** पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर, नागपुर मंडल

### स्टेशन पर 25 करोड़ से होना है यह कार्य

रेलवे स्टेशन बैतूल में 25 करोड़ की लागत से कई निर्माण कार्य होना है। जिसमें सर्कुरेटिंग एरिया रोड 74 लाख, जल निकासी का कार्य 22 लाख, पार्किंग एरिया 36 लाख, पाथ-वे 24 लाख, भूनिर्माण, बागवानी 13 लाख, उद्यान सजावट, मूर्तियां 11 लाख, बाउंड्रीवाल 15 लाख, प्रवेश द्वार व बरामदे 32 लाख, भित्ती चित्र, दीवाल पेटिंग 28 लाख, शौचालय, वेटिंग हॉल सुधार 1.3 करोड़, आवास 1.85 करोड़, नया बुकिंग ऑफिस 1.87 करोड़, छोटा ओवरब्रिज 12.77 करोड, साइन बोर्ड 13 लाख फर्नीचर 28 लाख, प्लेटफार्म के कवर 1.1 करोड़, बिजली काम 1.93 करोड़, दूरसंचार यात्री सुविधाएं 92 लाख सहित अन्य कार्य होना है।

## डब्ल्यूसीएल अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में लगी आग

**पाथाखेड़ा। डब्ल्यूसीएल के अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में शनिवार को दिन में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई।**

**अज्ञात कारणों से वार्ड में लगी आग से हड़कंप**

**दमकल ने समय रहते आग पर किया काबू**



आग धीरे-धीरे फैलते हुए चार से पांच बेडों के गद्दों तक पहुंच गई, जिससे पूरा वार्ड धुएं से भर गया और अस्पताल परिसर में हड़कंप की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पा लिया गया। समय रहते की गई इस कार्रवाई से बड़ी दुर्घटना टल गई। हालांकि आग की चपेट में आने से आइसोलेशन वार्ड में रखे बिजली के कुछ उपकरण जलकर खाक हो गए। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। गनीमत रही कि घटना के दौरान कोई मरीज या कर्मचारी घायल नहीं हुआ। आग लगने की सूचना पर अस्पताल प्रशासन ने तुरंत एहतियाती कदम उठाए और मरीजों को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया। इस विषय पर जानकारी लेने के लिए जी.एम. लक्ष्मीकांत महापात्र से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, किंतु उनकी व्यस्तता के कारण बातचीत नहीं हो सकी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल अस्पताल प्रबंधन ने घटना की जांच के निर्देश जारी किए हैं। समय पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने तत्परता दिखाते हुए जनहानि से अस्पताल को बचाया।

## खिलाड़ी राज्य स्तरीय मुकाबले के लिए रवाना

**आमला। संभाग स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में आमला के 19 वर्षीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय टीम में अपना स्थान बनाया है।**



एथलेटिक्स वर्ग में गुरुनानक स्कूल आमला के छात्र यशवंत पिता वासुदेव मानकर का चयन हुआ है।वहीं वॉलीबॉल (19 वर्षीय बालक वर्ग) में उत्कृष्ट विद्यालय आमला के छात्र आकाश पिता देवेंद्र साबले, विशाल पिता उमेश झरबड़े, महेश्वर पिता शिवनारायण, तथा पैराडाइज स्कूल के छात्र हिमांशु पिता नरेंद्र पवार और देवेश पिता उत्तमसिंह पवार राज्य स्तर पर आमला का प्रतिनिधित्व करेंगे। खेल अधिकारी परवेज़ खान और शिक्षक गणेश बारस्कर के मार्गदर्शन में इन विद्यार्थियों ने कठोर मेहनत और लगन से तैयारी की। खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता और शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है कि आज ये सभी छात्र राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना हुए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य और प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी आने वाले समय में प्रदेश ही नहीं, देश का भी नाम रोशन करेंगे।

## लोक सेवा केन्द्र में हो रही अनियमितताओं की शिकायत

**बैतूल।** लोक सेवा केन्द्र बैतूल में व्यापक पैमानें पर हो रही अनियमितताओं और लापरवाही को लेकर किसानों एवं ग्रामीणों द्वारा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल से शिकायतें की है। श्री खण्डेलवाल नें जिसे गंभीरता से लेकर कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी को लोक सेवा केन्द्र बैतूल की गहन जांच पडताल करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिये है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल नें कलेक्टर को निर्देशित किया है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि आम जन को निर्धारित समय सीमा में लोक सेवा केन्द्र से विभिन्न सेवाओं का लाभ मिल सके। उल्लेखनीय है कि ग्रामीणों एवं किसानों द्वारा लोक सेवा केन्द्र बैतूल में सेवाओं का लाभ समय सीमा में नहीं मिलने,लोक सेवा केन्द्र में आवेदन प्रस्तुत करनें के 15 से 20 दिन बाद आवेदन अपलोड होनें ,वहाॅ के कर्मचारियों द्वारा अक्सर सर्वर डाउन होने की बात कर देर से आवेदन अपलोड करनें सहित अन्य अनियमितताओं की शिकायत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल से की थी।

## गौवंश पर मंडरा रहा गंभीर बीमारी का संकट

**पाथाखेड़ा।** सारनी क्षेत्र में इन दिनों आवारा गायों के बीच एक अज्ञात और चिंताजनक बीमारी तेजी से फैल रही है। इस बीमारी के कारण गायों के शरीर पर दाने उभर आते हैं, जो बाद में फूटकर घाव का रूप ले लेते हैं। इन घावों से पीड़ित गौवंश दर्द से तड़प रहे हैं। कई गायें तो इस तकलीफ के चलते खाना-पीना तक छोड़ चुकी हैं। धीरे-धीरे इनकी हालत नाजुक होती जा रही है, और उनकी आँखों में बेबसी साफ झलकती है। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि इन मूक प्राणियों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। पशु हितैषी संगठन और बजरंग दल जैसी संस्थाएँ भी भला कब तक कर्तव्य निभाकर अपनी



जिम्मेदारी लेती रहेंगी । नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा भी अब तक इन बीमार व आवारा पशुओं के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। क्षेत्र में गौशाला का अभाव होने के कारण ये मवेशी खुले में भटकने को मजबूर हैं। सड़क पर विचरते इन पशुओं के कारण आए दिन दुर्घटनाएँ घटित हो रही हैं, जिनकी रोकथाम के लिए नगर पालिका के प्रयास नगण्य हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि प्रशासन और पशु चिकित्सा विभाग ने जल्द ही ठोस कार्यवाही नहीं की, तो यह बीमारी महामारी का रूप ले सकती है।

## शताब्दी वर्ष पर मासोद में निकला पथ संचलन

**मुलताई।** क्षेत्र के ग्राम मासोद में शनिवार को आरआरएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर स्वयं सेवकों ने पथ संचलन निकाला। पथ संचलन हाई स्कूल मैदान शुरू हुआ। स्वयंसेवको द्वारा ग्राम में पथ संचालन किया, इस दौरान ग्रामीणों ने पथ संचलन में चल रहे स्वयं सेवको पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। पथ संचलन भारत माता मंदिर से निकलकर बाजार चौक, हनुमान मंदिर, राम मंदिर,बस स्टैंड,माता मंदिर होते हुए साई चौक से वापस संघ स्थान पर पहुंचा, जहां पर ध्वज प्रणाम,प्रार्थना एवं विभाग



समरसता प्रमुख आशुतोष चौहान द्वारा उद्बोधन दिया गया,मुख्य अतिथि जिला संघ चालक रामनारायण सोनी रहे। ताईखेडा मे भी स्वयं सेवको द्वारा पथ संचलन निकाला गया जिसमे मुख्य अतिथि तुकाराम बनखेड़े सहित स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

## एनजीटी हटने के बाद रेत का परिवहन हुआ शुरू

**सारनी। एनजीटी हटने के बाद रेत नाका शुरू होने से लोगों को बड़ी राहत मिली है। दीपावली पर्व मकानों का रंग रोगन एवं निर्माण कार्य शुरू हो गया है।**



**सस्ते दामों में रेत मिलने से बड़ी राहत**

**दीपावली पर्व से पहले निर्माण कार्य जोरों पर**

वहीं दूसरी तरफ सस्ते दामों में रेत मिलने से लोगों में खुशी का माहौल है। रेत ठेकेदार ने स्वीकृत खदानों से रेत का परिवहन शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि एनजीटी लगने की वजह से करीबन तीन माह तक रेत का परिवहन पूरी तरह बंद था। रेत ठेकेदार के द्वारा माइनिंग विभाग से भंडारण/स्टॉक की अनुमति लेने के बाद अधिक दाम में रेत की बिक्री की जा रही थी। बैतूल जिले की करीबन 56 रेत खदानों का ठेका 40 करोड़ के आसपास नीलाम हुई है। रेत का ठेका लेने वाले ठेकेदार ने जिला प्रशासन की अनुमति से चेकिंग नाके लगाए हैं। उक्त रेत नाका पर वाहनों की रॉयल्टी चेक एवं डब्ल्यू आर भी दिया जाता हैं। रेत खदानों की नीलामी होने के बावजूद भी माइनिंग विभाग आए दिन रेत परिवहन करने वाले वाहनों की चेकिंग करता है। बताया जाता हैं कि माइनिंग विभाग ने विगत दिनों तवा 3 खदान में अवैध रूप से भंडारण करने वाले ठेकेदार पर कारवाही करते हुए करीबन 8 लाख रुपयों का जुर्माना भी लगाया है। इसके बावजूद भी कुछ तथाकथित नेता जिला प्रशासन एवं माइनिंग विभाग पर कारवाही नहीं करने का आरोप लगाते हैं।

## छठ पूजा के कार्यक्रमों को लेकर भोजपुरी एकता मंच की बैठक

**सारनी।** दो दिवसीय छठ पूजा कार्यक्रम को लेकर भोजपुरी एकता मंच के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इस मौके पर आतिशबाजी एवं रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम आयोजित किए जाने की रूपरेखा तैयार की है। भोजपुरी एकता मंच के जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि 27 एवं 28 अक्टूबर को छठ पूजा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। छठ पूजा के मौके पर महिलाए निर्जल उपवास के साथ सूरज को अरग देकर इस त्यौहार को मनाती हैं।मान्यता यह भी है कि महिलाएं अपने पुत्र के लिए यह छठ के पावन पर्व का निर्जल उपवास रखती है।



श्री सिंह ने कहा कि आस्था और विश्वास के महापर्व का त्यौहार सतपुडा डेम पर छठ घाट पर भोजपुरी एकता मंच आयोजित करता है। छट पूजा के पर्व को भव्य रूप देने के लिए रंगारंग कार्यक्रम,आतिशबाजी और भोजपुरी गीतों की शानदार प्रस्तुति की जाएगी। सबसे ज्यादा मनमोहक कार्यक्रम तो सुबह और शाम दोनों समय पर आयोजित होता है। जिसमें दो तीन घंटे तक चलने वाली आतिशबाजी आसमान में देखने को मिलती है जो मन को मोहित करने वाली होती है। इसकी साथ छठ घाट डैम पर भोजपुरी गीतों के समागम में सबसे अनोखी कलाकारों की झांकियां देख कर मन मोहित हो जाता है। भोजपुरी एकता मंच के वरिष्ठ संरक्षक सदस्यगणो ने छठ घाट का निरिक्षण कर इस वर्ष भी कार्यक्रम सफल आयोजन हो इसको लेकर अपर रेस्ट हाउस मे बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे भोजपुरी एकता मंच के जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह, कमलेश सिह, विक्की सिह, भोजपुरी एकता मंच के ब्लाक अध्यक्ष प्रमोद सिह, अंजनी सिंह की उपस्थिति मे बैठक का आयोजन किया गया।

## राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान के तहत ब्लॉक कांग्रेस की बैठक

**आमला। राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान में वोट चोर गद्दी छोड़ के अंतर्गत आज लालावाड़ी में ब्लॉक कांग्रेस आमला की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रभारी नारायण सरले ने की।**

**आगामी रणनीति पर की विस्तृत चर्चा**

**बैठक में मौजूद रहे कांग्रेस पदाधिकारी**



इस अवसर पर सभी मंडलम प्रभारी, मंडलम अध्यक्ष एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता उपस्थित रहे। बैठक में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने एवं भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और भ्रष्टाचार को उजागर करने की आगामी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रभारी नारायण सरले ने कहा कि भाजपा तस्ज्ञ में कमी का झूठा उत्सव मना रही है, जबकि आमजन अभी भी आर्थिक बोझ तले दबा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनसंपर्क अभियान के माध्यम से जनता को भाजपा की दोहरी नीति से अवगत कराएँ। इसी के साथ लालावाड़ी मंडलम से वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस दौरान उपस्थित नेताओं ने एकजुट होकर कहा कि यह अभियान लोकतंत्र की मजबूती और जनहित की आवाज को बुलंद करने के लिए है। बैठक में प्रमुख रूप से जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश गोचरे, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज देशमुख, पूर्व नपा अध्यक्ष मनोज मालवे, नपा अध्यक्ष नितिन गाडरे, नपा उपाध्यक्ष किशोर माथनकर, विधानसभा सेवादल प्रभारी जितेंद्र शर्मा, ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष रविकांत उघड़े, मंडलम प्रभारी बाबाराव ठाकरे, राकेश गंगारे, मंडलम अध्यक्ष रवींद्र धोटे, पवन यादव, अजय साहू, अकरम खान, गोलू देशमुख, छन्नू बेले, विजय पारदी, अजय सोलंकी, प्रदीप कोकाटे, यशवंत हुडे, राजेश सुरे, महेश सातनकर, सतीश मोड़क, रमेश डोंगरे, यादवराव देशमुख, ज्ञानराव डोंगरे सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकता, संघर्ष और जनसेवा की भावना के साथ कांग्रेस संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

## घाटबिरोली में हुआ पोषण माह कार्यक्रम

**मुलताई।** हायर सेकेंडरी स्कूल घाटबिरोली में शनिवार को राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया गया,कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य पूनम उइके ने किया ।कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी श वीरमती ऊबनारे द्वारा बालिकाओं को मोटे अनाज, कम तेल एवं कम शक्कर के उपयोग एवं लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी ।वहीं पोषण माह में विभिन्न गतिविधियों,बाल विवाह, बालिका शिक्षा,एवं स्वच्छता विषय पर बालिकाओं को जागरूक किया गया ।कार्यक्रम में शाला प्राचार्य अतुल माकोडे ने बालिकाओ को को पोषण परामर्श दिया। पर्यवेक्षक दीप्ति साहू ने बालिकाओं को अपने हुनर को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

## चित्रकला में बच्चों ने दिखाए हुनर, विजेता पुरस्कृत

**बैतूल।** चित्रकला से व्यक्ति में कौशल उभरता है इस प्रतियोगिता में किसानों की उन्नति को दिखाने का प्रयास किया गया है वर्तमान समय में जिस तरह से किसान अधिक उत्पादन के लालच में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कर रहें हैं जिसका दुष्परिणाम हमारे स्वास्थ्य पर साफ दिख रहा है। आने वाली पीढ़ी भी इस अभिशाप से नहीं बच पाएगी। इन केमिकल्स की अधिकता को रोकने के उद्देश्य को लेकर व सही तरीके से किसान खेत जैविक खाद का उपयोग कर फसल की उर्वरता बढ़ाने का संदेश देने के लिए ढोंडवाड़ा स्कूल में चित्रकला के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें बच्चों ने बताया कि केमिकल के अधिक इस्तेमाल से धरती बंजर होती जा रही है और एक समय ऐसा आएगा



कि यह ग्लोबल वार्मिंग का भी यह एक कारण होगा। सहभागिता करने वाले छात्रा श्रेया माकोड़े, लक्ष्मी आहके, सृष्टी खाड़े, अमन कवड़े, अदिति सलामें की उत्कृष्ट चित्रकला के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया। बीएएसफ इंडिया लिमिटेड के विशाल राउत, शिक्षक मदनलाल डढोरे व केसी पवार ने कहा कि ऐसे जागरूकता अभियान से ग्रामीण अंचल में किसानों का रुझान कम से कम केमिकल्स उपयोग की ओर बड़ेगा। इस अवसर पर दिनेश कुभांरे शरद तोमर,संस्था प्राचार्य मीना डंडारे प्रीति बाला माकोड़े, अशोक कुमार इवने, कैलाश पवार, डॉ.कलावती हारोड़े, महेन्द्र पंवार, ताहिर बानो, आशा अरोरा, राजेन्द्र कुमार बेले, शारदा माथनकर, जाग्रति भावसार, पूनम काले, विनीता ठाकुर सहित अनेक लोग उपस्थित थे।